<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित उपयोग हेतु</u>

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2026

## अंक-योजना

## हिंदी 'आधार' विषय कोड – 302

## प्रश्न-पत्र कोड-- 2/4/3

**सामान्य निर्देश:-**

1. **सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) करने का निर्णय लिया है।**
2. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
3. **मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना बोर्ड के विभिन्न नियमों / भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।**
4. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से और निष्ठापूर्वक किया जाए। **मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जाएँ। कक्षा XII में दक्षता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय, कृपया दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और यदि उत्तर अंक-योजना के अनुसार नहीं है, लेकिन परीक्षार्थी द्वारा व्यक्त दक्षता सही है, तो उचित अंक दिए जाएँ।**
5. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य-बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशानिर्देश हैं और पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थी अपने अनुसार अभिव्यक्ति दे सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है, तो तदनुसार अंक दिए जाएँ।
6. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे शून्य कर दिया जाना चाहिए। शेष उत्तर पुस्तिकाएँ, जिनका मूल्यांकन किया जाना है, तभी दी जाएँगी जब यह सुनिश्चित हो जाए कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के अंकन में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है।

7. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
8. यदि किसी प्रश्न के कई भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए OSM पोर्टल के दायीं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों का OSM सिस्टम द्वारा कुल योग किया जाएगा।
9. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो OSM पोर्टल में बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ। इसके अनुपालन में दृढ़ता बरती जाए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना होगा और प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण स्पॉट मूल्यांकन दिशानिर्देशों में दिया गया है)।**
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-
    - परीक्षार्थी के जिन उत्तरों को सही माना गया है, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही उत्तर के लिए सही (√) का निशान स्पष्ट रूप से लगा हो। गलत उत्तर के लिए गलत (X) का निशान भी लगा हो।)
    - उत्तर का आधा या आंशिक भाग सही और शेष गलत माना गया, लेकिन इसके लिए कोई अंक नहीं दिए गए हों।
    - उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
    - उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक देना।
14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो उसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए।
15. **वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन गाइडलाइन में दिए गए दिशा-निर्देशों से स्वयं को परिचित कर लेना चाहिए।**
16. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।
17. **यदि कोई परीक्षार्थी किसी प्रश्न में दोनों विकल्पों का उत्तर देने का प्रयास करता है जबकि केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना अनिवार्य है, तो मूल्यांकनकर्ता दोनों विकल्पों में अंक प्रदान करेगा। सिस्टम दोनों में से उच्चतर अंक को लेगा और दूसरे उत्तर को अनदेखा कर देगा।**
18. **जिन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास परीक्षार्थी द्वारा नहीं किया गया है, उन प्रश्नों को परीक्षक "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा।**

**MARKING SCHEME**
**Hindi Core (Subject Code-302)**
**(PAPER CODE : 2/4/3) (Series-S4PRQ)**

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

| Q.No. | EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS | Full Marks | Marks |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **18** | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- | **(10)** | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| **(i)** | (B) व्हाट्सऐप | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) आत्ममोह की संस्कृति को बढ़ावा | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| **(iv)** | • मानव के संवाद करने, जानकारी प्राप्त करने और बाह्य दुनिया के समक्ष स्वयं को अभिनीत करने का माध्यम | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | • सूचनाओं और घटनाओं का त्वरित प्रसारण<br>• वैश्विक मंच पर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहने का अवसर प्रदान करना<br>• व्यक्तिगत जीवन के साथ शिक्षा, व्यापार और राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना<br>• व्यावसायिक गतिविधियों में सहायक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(vi)** | • आत्म-मुग्धता को बढ़ावा<br>• निजी जिंदगी की जानकारी और आत्मीय तस्वीरों को सार्वजानिक करना<br>• चौबीसों घंटे सोशल मीडिया पर उपस्थित रहने से बेचैनी बढ़ना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(vii)** | • तनाव और अवसाद से प्रभावित होना<br>• अकेलापन बढ़ना<br>• अनिद्रा और बेचैनी का बढ़ना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(अन्य उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **2.** | अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- | **(8)** | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| **(i)** | (B) मानव के भीतर पशुता अभी भी शेष है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (B) लक्ष्य प्राप्ति के अस्त्र-शस्त्र | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (C) मनुष्य की शारीरिक बनावट का सुंदर हो जाना | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| **(iv)** | • आदिमानव की भाँति आज भी मानव में हिंसा की प्रधानता | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | • जीवन मूल्यों का विकास न हो पाना<br>• दया, ममता, प्रेम का अभाव<br>• स्वार्थ और हिंसा की प्रबलता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(vi)** | • वज्रीकृत हाथ – आदिमानव की हिंसक वृत्ति की ओर संकेत<br>• नर्म मुट्ठियाँ- आधुनिक मानव की हिंसक वृत्ति की ओर संकेत<br>• युद्ध का साधन अथवा युद्ध करने वाला कोई भी – मानवता का ही हनन<br>• दोनों ही स्थितियाँ मनुष्य की विनाशकारी प्रवृत्ति की परिचायक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | **22** | |
| **3.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x4=8** | |
| **(i)** | • शीर्षक, दिनांक, नाम और स्थान संबंधी औपचारिकताएँ : **1** अंक<br>• विषयवस्तु : **2** अंक<br>• भाषा : **1** अंक | **4** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-2 Marks**<br>**Step 3-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | • फीचर समाचार की तरह पाठकों को तात्कालिक घटनाक्रम से अवगत न कराना<br>• फीचर लेखन की शैली कथात्मक एवं आत्मनिष्ठ जबकि समाचार लेखन की शैली उलटा पिरामिड शैली<br>• समाचार लेखन में वस्तुनिष्ठता एवं तथ्यों की शुद्धता पर जोर, लेखक के पास अपनी भावनाएँ और विचार व्यक्त न कर पाने की बाध्यता जबकि फीचर लेखक के लिए भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने के अवसर<br>• फीचर की भाषा में समाचार पत्रों वाली सपाटबयानी न होकर सरलता, रूपात्मकता और रोचकता का होना<br>• फीचर में समाचारों की भाँति कोई शब्द-सीमा न होना<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| **(iii)** | • नए लिखे संवादों का कहानी के मूल संवादों से मेल खाना<br>• संवादों को लिखे जाने का औचित्य होना<br>• संवाद छोटे, प्रभावशाली और बोलचाल की भाषा में होना<br>• संवांदों की भाषा पात्रों और देशकाल के अनुरूप होना | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| **4.** | किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित : | **4x2=8** | |
| **(i)** | **रूप-**<br>• समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ<br>**परिचय-**<br>• उलटा पिरामिड शैली - छह ककारों का प्रयोग<br>• घटना, समस्या या विचार के सबसे महत्वपूर्ण तथ्य, सूचना या जानकारी सबसे पहले लिखा जाना<br>• घटते क्रम में समाचार की जानकारी देना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **(ii)** | • अपनी पसंद के समाचार को सबसे पहले पढ़ना<br>• किसी शब्द का अर्थ समझ में न आने पर शब्दकोश की सहायता लेना<br>• सामग्री का स्थायित्व- सहेजकर रखने की सुविधा<br>• प्रमाण के रूप में मान्य | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • चिंतन-मनन की सुविधा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | • जनसामान्य का प्रत्यक्ष जुड़ाव<br>• जनसामान्य की बढ़ती हुई जागरूकता<br>• राजनीति और अर्थव्यवस्था के साथ बढ़ता रिश्ता<br>• आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण के बाद से अर्थव्यवस्था में व्यापक बदलाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iv)** | • लंबे संवादों को संक्षिप्त करके<br>• देशकाल-वातावरण और पात्रानुकूल भाषा के प्रयोग द्वारा<br>• मानसिक द्वंद्व की अभिव्यक्ति के लिए स्वगत कथन और वायस ओवर का प्रयोग करके<br>• रंगमंचीय संकेतों के द्वारा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(v)** | • तैयारशुदा सामग्री का प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होना<br>• मौलिक चिंतन का अभाव<br>• आत्मनिर्भर होकर मौलिक लेखन का प्रयास एवं अभ्यास न करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **5.** | किसी **एक विषय** पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेख :<br>विषयवस्तु : 4 अंक<br>प्रस्तुति : 1 अंक<br>भाषा : 1 अंक | **6** | **Step 1-4 Marks**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **40** | |
| **6.** | पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के संभावित उत्तर | **5x1=5** | **Step 1-1 Mark** |
| **(i)** | (B) माता-पिता प्रदत्त स्नेह, सुरक्षा और भोजन | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (A) शिथिलता | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(iv)** | (C) II और III | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (A) समय की गतिशीलता की ओर | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **7.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | (परीक्षार्थी की निजी अनुभूति पर आधारित संध्या के प्राकृतिक सौंदर्य का मनोरम वर्णन)<br>**यथा-**<br>● संध्या के समय प्रकृति का सौंदर्य अद्भुत<br>● अस्त होते सूर्य की रंग बदलती आभा से सारा वातावरण सुरम्य<br>● कलरव करते हुए पक्षियों का अपने नीड़ों की ओर लौटना आदि | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(ii)** | ● काव्यांश में ये दोनों विशेषण शोषित वर्ग के लिए प्रयुक्त<br>● 'अशनि-पात से शापित' - बादलों के शरीर को बिजली से आहत किए जाने की ओर संकेत<br>● 'गगन-स्पर्शी स्पर्धा-धीर' - आकाश को छूने वाले, उससे प्रतिस्पर्धा करने वाले, धीर-वीर रूप की ओर संकेत<br>● घायल, क्षत-विक्षत हो जाने पर भी बादलों के उत्साह में कोई कमी न आना, हुँकार भरकर गरजना और बरसना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(iii)** | ● कृषि-कर्म के लिए खेत तथा कवि-कर्म के लिए कागज़, दोनों का आकार चौकोर होना<br>● दोनों में बीजारोपण (कवि-कर्म में भावों का कृषि कर्म में बीजों का)<br>● कृषि-कर्म में खाद-पानी से बीज का अंकुरित होना, पल्लवित-पुष्पित होना और फसल प्राप्ति की प्रक्रिया, कवि-कर्म में शब्दों के माध्यम से भाव का अंकुरण, पल्लवन और विचार रूपी फसल की प्राप्ति<br>● दोनों में ही बीज-वपन, रोपाई और कटाई<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **8.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | ● कृत्रिमता एवं भाषा के अनावश्यक पांडित्य-प्रदर्शन से भाव का उलझ कर रह जाना | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • कथ्य का प्रभावहीन हो जाना | | |
| **(ii)** | • राम का सामान्य मानव की भाँति प्रलाप करना<br>• मानवीय प्रकृति के अनुरूप पश्चाताप भरे वचनों को कहना<br>• स्वयं को असहाय मानकर दुखी होना<br>• लोक-निंदा से भयभीत होना<br>• भाई को पत्नी से अधिक महत्त्व देना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(iii)** | • सांध्यकालीन आकाश में काले-काले बादलों के बीच उड़ती श्वेत बगुलों की पंक्ति का अनुपम सौंदर्य मंत्र-मुग्ध करने वाला<br>• गतिशील सौंदर्य को देखकर कवि का आश्चर्यचकित होना<br>• इस सौंदर्य का प्रकृति की अद्‌भुत माया के समान प्रतीत होना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **9.** | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर : | **5x1=5** | |
| **(i)** | (B) रात्रि का भयावहपन | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (D) पहलवान की ढोलक | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (D) मृत्यु को पराजित करने की ताकत देती थी। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (C) संक्रामक रोग | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (D) चेतना का संचार हो जाता था | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **10.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | (परीक्षार्थी द्वारा दिए गए उपयुक्त तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य)<br>**यथा :**<br>• पानी फेंकना पानी की बर्बादी, पानी की बुवाई संभव नहीं<br>• गाँव वालों की अज्ञानता और अंधविश्वास का परिचायक<br>**अथवा**<br>• पानी की बुवाई- लोकविश्वास<br>• निराशा की स्थिति में आत्मबल का आधार | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | **किनसे-**<br>● प्राकृतिक उपादान- अपने घर में बारी-बारी से आने-जाने वाले अँधेरे-उजाले, आँगन में खिलने वाले गुलाब और आम से<br>**क्यों-**<br>● प्राकृतिक उपादान और भक्तिन- दोनों का स्वतंत्र व्यक्तित्त्व | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **(iii)** | ● शारीरिक वंश परंपरा, सामाजिक उत्तराधिकार और मनुष्य के अपने प्रयासों के आधार पर सभी मनुष्य समान न होने पर भी उनके साथ असमान व्यवहार किया जाना अनुचित<br>● आरंभ से ही सभी को समाज में आगे बढ़ने का समान अवसर दिया जाना और समान व्यवहार किया जाना | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **11.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | ● बाल-विवाह – भक्तिन का विवाह<br>● लिंग-भेद (लड़का-लड़की में भेदभाव)- सास एवं जेठानियों द्वारा भक्तिन एवं उसकी पुत्रियों के साथ दुर्व्यवहार<br>● न्याय के नाम पर पंचायत द्वारा स्त्रियों के अधिकारों का हनन - भक्तिन की विधवा पुत्री का जबरन विवाह किया जाना<br>● जमींदार द्वारा की जाने वाली मनमानी – मनचाहा लगान वसूलना एवं अदा न करने पर दंडित करना<br>● विधवाओं की समस्या – पति की मृत्यु के बाद भक्तिन की दयनीय स्थिति<br>● पारिवारिक द्वेष – जेठ और उनके पुत्रों द्वारा भक्तिन की संपत्ति हड़पने का षड्यंत्र<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(ii)** | **अभिप्राय-**<br>● खरीददारी (क्रय) करने की शक्ति<br>**हाँ अथवा नहीं-**<br>(पक्ष अथवा विपक्ष में परीक्षार्थी द्वारा दिए गए उचित तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर उदाहरण सहित स्वीकार्य) | **3** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(iii)** | • परिवर्तनशीलता संसार का नियम<br>• समयानुसार परिवर्तन, गतिशीलता एवं निरंतरता को स्वीकार करते हुए पुरानी पीढ़ी को समय रहते ही नई पीढ़ी को सत्ता, उनके अधिकार सौंप देने चाहिए अन्यथा नई पीढ़ी द्वारा उन्हें पदच्युत कर दिए जाने की आशंका<br>• जरा और मृत्यु जीवन के शाश्वत सत्य | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **12.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x5=10** | |
| **(i)** | **संदर्भ-**<br>• पच्चीसवीं सालगिरह पर आयोजित पार्टी में यशोधर बाबू द्वारा सोचा गया किशन दा का कथन<br>• उनके बड़े बेटे भूषण द्वारा अपने मित्रों और सहयोगियों से उनका परिचय करवाते समय<br>**आशय-**<br>• व्यक्ति को देशी-विदेशी रीति-रिवाज, तहजीब आने चाहिए लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के मोह में अपनी संस्कृति को, उसके रीति-रिवाजों को नहीं भूलना चाहिए।<br>• नए के मोह में उपयोगी पुराने को छोड़ना उचित नहीं।<br>• पाश्चात्य परिधान के मोह में पारंपरिक भारतीय वेष-भूषा का तिरस्कार उचित नहीं<br>• हाथ मिलाना ठीक है लेकिन हाथ जोड़कर नमस्कार करना नहीं भूलना चाहिए।<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-3 Marks** |
| **(ii)** | • बच्चों द्वारा अपनी बात मनवाने के लिए झूठ का भी सहारा लेना जैसे- विद्यालय जाने की अपनी इच्छा को मनवाने के लिए झूठ बोलकर पिताजी को दत्ताजी राव के पास भेजना<br>• अध्यापक द्वारा वसंत पाटिल को कक्षा का मॉनीटर बनाए जाने पर आनंदा को बुरा लगना<br>• अध्यापकों की शाबाशी पाने के लिए समय पर प्रत्येक कार्य करना<br>• कक्षा में हर अच्छे बच्चे के काम की नकल करते हुए स्वयं भी उसी तरह काम करना<br>• सजा देने वाले मास्टरों से बच्चों का भयभीत होना | **5** | **Step 1-5 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • दूसरों के अपनत्व भरे छोटे-छोटे बर्ताव से प्रसन्न होना<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | • उत्कृष्ट नगर नियोजन एवं उनमें एकरूपता<br>• उन्नत वास्तुकला<br>• एक – जैसी आकार की ईंटों का प्रयोग<br>• जल संचयन, संरक्षण और निकासी की व्यवस्था<br>• कला प्रियता जैसे आभूषणों का मिलना<br>• खुदाई में मिले बर्तन, खिलौने आदि<br>• खेती, व्यापार, पशुपालन सभी को बढ़ावा आदि<br>(अन्य उचित बिंदु भी स्वीकार्य)<br>(कोई पाँच बिंदु अपेक्षित) | **5** | **Step 1-5 Marks** |